केन्द्रीय विद्यालय चेरो सलेमपुर

हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन [रिपोर्ट] प्रतिवेदन

क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से प्राप्त पत्रांक संख्या-फा.सं.43025 क्षे.का.वाराणसी/2020-21/1320 दिनांक:- 25/08/2021 के अनुसार इस विद्यालय में दिनांक 14 सितंबर 2021 से दिनांक 28 सितंबर 2021 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया | हिन्दी पखवाड़े का श्री गणेश कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए प्राचार्य द्वारा वाग्देवी सरस्वती के चित्रफलक पर माल्यार्पण और दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ| विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध कर दिया| श्री राम बच्चन यादव [पी.जी.टी.-हिन्दी] द्वारा माननीय गृहमंत्री जी के हिंदी दिवस पर दिए सन्देश का वाचन किया गया तथा 'हिन्दी राजभाषा भाषा के महत्व' विषय पर विचार रखा गया | विद्यालय के यस्शवी प्राचार्य श्री रजनीश कुमार त्रिपाठी नें हिन्दी भाषा की महता पर प्रकाश डाला ~~गया~~

हिन्दी की समृद्धि हेतु विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए केन्द्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त महोदया द्वारा जारी अपील का वाचन किया गया।

हिन्दी पखवाड़े की सारी गतिविधियाँ ऑफलाइन/ऑनलाइन माध्यम द्वारा आयोजित की गई।

विद्यार्थियों के लिए वर्तनी प्रतियोगिता,निबंध प्रतियोगिता कविता लेखन प्रतियोगिता,नारा लेखन प्रतियोगिता,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,कहानी लेखन प्रतियोगिता,कहानी वाचन प्रतियोगिता एवं काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

दिनांक-28/09/2021 को विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया।

श्री राम बच्चन यादव [पी.जी.टी.-हिन्दी] द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हिन्दी पखवाड़ा समारोह सम्पन्न हुआ।

दिनांक-28/09/2021

प्राचार्य

28.09.2021

श्री रजनीश कुमार त्रिपाठी

प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय चेरो,सलेमपुर
Kendriya Vidyalaya Chero-Salempur
जनपद-देवरिया (उ०प्र०)